# जैन साधुओं के साथ मारपीट के मामले में जैन समाज में आक्रोश



जैन समाज कोटा जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी को ज्ञापन सौंपने पहुंचा।

**कोटा,** (निसं)। मध्यप्रदेश के नीमच जिले सिंधौली के पास तीन जैन मुनियों के साथ निर्दयतापूर्वक मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में सकल जैन समाज ने मंगलवार को कोटा जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा और घटना की तीव्र निंदा की।

स्थानकवासी जैन श्री संघ रामपुरा के अध्यक्ष पंकज मेहता ने इस दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि 13 अप्रैल 2025 को सिंधौली से पैदल विहार कर 6 किलोमीटर दूर कढाला गांव में स्थित हनुमान मन्दिर में जैन संत शैलेश मुनि बलभद्र मुनि एवं मुनिद्र भुनि महाराज रात्रि विश्राम के लिए ठहरे हुए थे। देर रात्रि को 7-8 असामाजिक तत्वों ने शराब के नशे में सोते हुए तीनो मुनियों पर लाठी-डंडो से अकारण हमला कर दिया तथा मारपीट के कारण मुनियों के गहरी चोटें आई है। इस घटना से सकल जैन समाज में गहरा आक्रोश है और यह घटना किसी सूरत में बर्दाश्त योग्य नहीं हैं। पंकज मेहता ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ली और सकल जैन समाज को आश्वस्त किया कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी और आगे इस घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इसका पूरा प्रयास होगा।

जे.के.जैन एवं रेखा हिंगड़ ने कहा कि उक्त अमानवीय एवं शर्मनाक घटना से पूरे देश के जैन धर्मावलम्बियों की भावना को ठेस पहुंची है तथा घटना के प्रति भारी आक्रोष है। जैन मुनि सभी सुख-सुविधाओं को त्याग कर 5 महाव्रतों का पालन करते हुए जन-जन को सत्य और अंहिसा का उपदेश देते है तथा स्वंय भी दृढ़ता के साथ पालन करते हैं। जैन मुनियों का आचरण वंदनीय एवं पूजनीय है तथा कठोर साधना के साथ जीवन निर्वाहन करते है। जैन संत एवं साधविया पैदल चल कर ही अपने गन्तव्य को पहुंचते है तथा भिक्षावर्या से ही अपने जीवन का निर्वहन करते है। ऐस जैन मुनियों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया अमानवीय व्यवहार निदनीय है। हमारा आग्रह है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी एवं ठोस कार्यवाही करवाने के निर्देश प्रदान करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं ना हो।

जैन संत एवं साध्वियां देशभर में पैदल ही भ्रमण करती है उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होना आवश्यक है। इस अवसर पर आसवाल समाज संस्था, खतरगच्छ पेडी, सुदर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ, आदि संस्थाओं ने भी एमपी के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राजमल पाटौदी, लोकेन्द्र डांगी, रेखा हिंगड़, जे.के.जैन गजराज बोबरा, विमल जैन, (नान्ता) प्रवीण सिंघवी, तासचंय बरला, अनिल दक, विरेन्द्र, प्रदीप जैन, दीपू राकेश श्रीमाल गुणायचा, आशीष सिंघवी, पदम भाला, विजय दुगेरिया, अजीत चांडालिया, बुद्धि प्रकाश जैन, दीपू वर्धमान कोठारी, अंजलि चौधरी कोषाध्यक्ष ज्ञान लोढ़ा, ओसवाल समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र लोढा जैन, सकल जैन समाज के विरेंद्र सुनील सेठ, राजेंद्र धूपिया, नीरज हिंगड़, अंजलि चौधरी, नवीन सालेचा प्रदीप, दीपू नरेंद्र ओस्तवाल पुष्पा ओस्तवाल वर्धमान कोठारी, धर्मचंद मूणोथ सहित कई समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रामगंजमण्डी में पुलिस स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है।

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। शहर में भी राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 16 अप्रैल बुधवार के उपलक्ष्य में मंगलवार को कोटा जिला पुलिस की ओर से श्री पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में ब्लॉक स्तर पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता-2025 एम.सी.क्यू का आयोजन किया गया। जो 11.00 बजे से 12.30 बजे तक शांतिपूर्ण चला। प्रतियोगिता में जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 तक के करीब 323 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 100 अंक की हुई। इसमें राजस्थान पुलिस के बारे में सामान्य जानकारी, राजस्थान पुलिस संगठन की संरचना एवं कार्यप्रणाली, नवीन आपराधिक कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, राजस्थान पुलिस की ओर से संचालित 'राजकोप' नागरिक एप की जानकारी, यातायात नियमों की जागरुकता, साईबर अपराध एवं साईबर सुरक्षा संबंधित जानकारी, महिला सुरक्षा से संबंधित सामान्य जानकारी से जुड़े प्रश्न पूछे गए। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण रामकल्याण मीणा व सहायक नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक रामगंजमण्डी घनश्याम मीणा रहे। पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ओर से प्रतियोगिता के दौरान परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

आयोजन को विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार वर्मा, उप-प्रधानाचार्या गार्गी मेहता व नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रामकेश मीणा सहित उनके स्टॉफ के सहयोग से सफल बनाया गया। मंगलवार को ही प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1500, द्वितीय प्रतिभागी को 1000 तथा तृतीय प्रतिभागी को 500 रुपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही पांच विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

सहायक नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक रामगंजमण्डी घनश्याम मीणा ने बताया कि 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस है। इस उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिला मुख्यालयों पर 15 व 16 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी कड़ी में वृक्षारोपण व परेड का कार्यक्रम होगा। बच्चों व लोगों को कानून के प्रति जागरूक करने के मकसद से राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# छात्रवृति योजनाओं के आवेदन की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाई

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विषेष समूह योजना (पूर्व में विषेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं के आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 अप्रेल की गई है।


**खोया पाया**

वीरेंद्र सिंह हाडा पुत्र स्वर्गीय देवी सिंह हाडा 22 प्रताप नगर द्वितीय बोरखेड़ा कोटा का संयुक्त आराजी भूमि जिसका खसरा नंबर 471, 472, 472, 474, 475, 476, 477, 478,479 जिसमें स्वयं का 1/5 हिस्सा निहित है, उक्त फाईल 28.9.2022 को बनाई गई थी, वाके ग्राम बड़ोदिया पटवार हलका गन्दीफली, कैथून तहसील लाडपुरा जिला कोटा की वन साइड फाईल इकरारनामा, मुख्तारनामा वसीयत एवं सामने वाले का कालम खाली है, कुन्हाड़ी क्षेत्र में कहीं गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड संख्या-390 वाके मुकन्दरा विहार आवासीय योजना कोटा (राज.) के मूल स्वामी श्री नितिन सक्सैना पुत्र श्री अशोक कुमार सक्सैना निवासी मकान नम्बर-B-268 विवेकानन्द पार्क के पास सुभाष नगर भीलवाड़ा (राज.) द्वारा मेरे पक्षकार श्री शशिकान्त धाकड पुत्र श्री शंकरलाल धाकड निवासी ग्राम लक्ष्मीखेडा पोस्ट भोपतपुरा तहसील बिलौलिया जिला भीलवाडा (राज.) के पक्ष में एक रजिस्टर्ड मुख्तारनामा आम दिनांक 21.09.2016 को उक्त भूखंड के संबंध में समस्त कार्यवाही करने हेतु आलेखित करवा रखा है, जिसके आधार पर मेरे पक्षकार ने उक्त भूखंड के बेचान का इकरार श्री हर्ष सिंह राठौर पुत्र श्री बिहारी सिंह निवासी 344 केशवपुरा सेक्टर 4 कोटा (राज.) से दिनांक 27.03.2025 को कर लिया है, उक्त सौदे से किसी भी आम व खास को किसी प्रकार का उज्र अथवा एतराज हो तो अन्दर 5 योम लिखित में मुझे अथवा मेरे पक्षकार को कर दे, इसके पश्चात कोई उज्र, एतराज मान्य नहीं होगा। सूचित हो।

कोटा

दिनांक: 15.04.2025

भवदीय

गोविन्द नामदेव एडवोकेट

मो. 9414284515


## सार-समाचार

### अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देशानुसार 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को कोटा उत्तर के क्षेत्र में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। आयुक्त अशोक त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रेली को रवाना किया। रैली सब्जीमंडी स्थित अग्निशमन कार्यालय से प्रारंभ होकर सरोवर टॉकिज रोड से गुजरती हुई नयापुरा पहुंची। रैली के दौरान दमकल कर्मियों द्वारा पूरे मार्ग अग्नि सेवा सुरक्षा संबंधी जानकारियां आमजन को दी गई और आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। रैली से पूर्व निगम उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी, उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया एवं मुख्य अग्नि शमन अधिकारी देवेन्द्र मीणा, अग्नि शमन अधिकारी अमजद खान व मो.अजहर खान ने सब्जीमंडी स्थित अग्निशमन केन्द्र में 1944 में शहीद अग्निशमन अधिकारियों व फायरकर्मियों को 2 मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र मीणा ने बताया कि यह अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मुम्बई के विक्टोरिया डॉक में एक जहाज में आग लगने की घटना में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि अग्निशमन कर्मियों को याद करते हुए श्रद्धांजली अर्पित करना व आग से बचाव के प्रति सजग व जागरूकता बढ़ाना है।

### किसान जागृति यात्रा कल

**कोटा,** (निसं)। किसान कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश भर में निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा 17 अप्रैल को कोटा पहुंच रही है। कांग्रेस नेता रविंद्र सिंह हाडा को किसान जागृति यात्रा का प्रभारी एवं संयोजक नियुक्त किया गया है। वे कांग्रेस जिला अध्यक्ष, स्थानीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों में परस्पर समन्वय स्थापित कर जागृति यात्रा को सफल बनाने का काम करेंगे। रविंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि यात्रा के तहत अखिल भारतीय किसान कांग्रेस राजस्थान के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा तथा राजस्थान संगठन प्रभारी सत्यवीर यादव 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कोटा पहुंचेंगे। वे गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में संगठन व किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। रविंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर प्रदेश में किसान कांग्रेस को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही, केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियों से बदहाल किसानों की समस्याओं के समाधान के भी प्रयास किया जा रहे हैं। हर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को जानने के लिए किसान जागृति यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में पीएचईडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, केडीए, कृषि विभाग, नगर निगम तथा जिला परिषद से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कलक्टर डॉ.गोस्वामी ने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं से जुड़े सभी कार्यों को धरातल पर उतारा जाए तथा प्रत्येक कार्य की नियमित मॉनिटरिंग और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए गए कि ट्यूबवेल और हैंडपंप के कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। जल संकट की स्थिति में टैंकर से सप्लाई सुनिश्चित की जाए, टैंकर पूर्ण रूप से भरे हों, उन पर निशुल्क जल बड़े अक्षरों में अंकित हो और जल की गुणवत्ता की नियमित जांच भी हो।

### शक्ति दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों में लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की लाभार्थी महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग की और हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) की दवाई निःशुल्क दी गई। एनीमिया रोग के लक्षण, बचाव, उपचार के प्रति जागरूक किया। पौटिष्क, आयरनयुक्त फल-सब्जी, संतुलित आहार लेने की हिदायत दी। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि आईएफए दवाई की खुराक लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी-पूर्ती होती है और एनीमिया के संभावित खतरों से बचाव होता है। इसलिए साप्ताहिक रूप से हर मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**झालावाड़** (निसं)। राडी के बालाजी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडर मोटर गैराज पर मेन्टीनेन्स कार्य करने हेतु 16 अप्रेल (बुधवार) को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्र राड़ी के बालाजी रोड़, गागरोन रोड़, हबीबनगर, कसाई मोहल्ला, शीतला माता मन्दिर के आस-पास, मोची मोहल्ला बसेड़ा मोहल्ला, धनवाड़ा के आस-पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पुलिस दिवस सामारोह आज

**कोटा,** (निसं)। पुलिस दिवस सामारोह के अवसर पर 16 अप्रेल, बुधवार को पुलिस लाईन में प्रातः 7 बजे एवं सायंकाल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि इस अवसर पर सेरेमोनियल परेड आयोजित कर उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को उत्तम सेवा चिन्ह एवं प्रशसित पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# पहलवानों को सम्मानित किया

**कोटा,** (निसं)। जिले में 9 से 11 अप्रैल तक आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में श्री बजरंग व्यामशाला के पहलवानों ने चार पदक हासिल किए। कोटा आने के बाद सभी खिलाड़ी एलन के निदेशक नवीन माहेश्वरी से मिले और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बजरंग व्यायामशाला में खेल सुविधाओं एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान कोच रविन्द्र पहलवान भी साथ रहे। अंतरराष्ट्रीय पहलवान व कोच रविंद्र पहलवान ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला वर्ग के 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिया शर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि 50 किलोग्राम वर्ग में प्रिया वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुषों के ग्रीको-रोमन स्टाइल के 77 किलोग्राम वर्ग में श्री बजरंग व्यामशाला के पहलवान ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं फ्री स्टाइल के 57 किलोग्राम वर्ग में नवीन गुर्जर ने कांस्य पदक हासिल किया है। आगामी राष्ट्रीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता, जो 19 से 22 अप्रैल तक आयोजित होगी, उसमें राजस्थान की ओर से प्रिया शर्मा और गुंजन शर्मा भाग लेंगे। इस अवसर पर श्री बजरंग व्यामशाला के अध्यक्ष माधाराम चौधरी, राष्ट्रीय कोच अमित यादव एवं वरिष्ठ पहलवान विक्रम पार्थ सहित कई लोग भी मौजूद रहे।

# जैन संतों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया



भवानीमंडी में जैन संतों पर हुए हमले के विरोध में जैन समाज ने प्रदर्शन किया।

**भवानीमंडी,** (निसं)। मध्य प्रदेश के कछोला में हनुमान मंदिर में रुके हुए तीन जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों को कड़ी सजा दिलवाने व सुरक्षा की मांग को लेकर सकल जैन समाज भवानीमंडी ने उपखण्ड अधिकारी श्रद्धा गोमे को मुख्यमंत्री भजनलाल के नाम के नाम ज्ञापन दिया। जैन संतों पर लगातार हो रहे जानलेवा हमले को लेकर जैन समाज आक्रोश में है। इस हमले के विरोध में मंगलवार को भवानीमंडी के सकल जैन समाज के लोगों ने जैन बोर्डिंग के यहां एकत्रित होकर नाराजगी जताते हुए नगर के मुख्य मार्ग से नारेबाजी करते हुए बाइक रैली निकाली। इसके बाद वह उपखण्ड कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन देकर जैन संतों के सुरक्षा करवाने की मांग की है।

सकल जैन समाज ने दिए ज्ञापन में बताया कि मध्यप्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र में सिंगोली के पास कछोला ग्राम के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे हुये 3 जैन संतों के उपर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा हमला कर मारपीट की गई। भवानीमंडी का सकल जैन समाज इस अमानवीय बर्बरतापूर्ण घटना की निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त करता हैं।

# डीआरएम कार्यालय में प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा बार-बार प्रशासन को रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया था, परंतु कार्यवाही नहीं होने के कारण मजबूरन कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा।

# किसानों की सुरक्षा को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। भारतीय किसान संघ जिला कोटा जिला मंत्री रूपनारायण यादव के नेतृत्व में मंगलवार को किसानों की सुरक्षा की मांग लो लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें अपराधियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

भारतीय किसान संघ जिला मंत्री रूपनारायण यादव ने बताया कि कोटा भामाशाहमंडी में हाड़ौती, मध्यप्रदेश के किसान अपनी कृषि जिंस बेचने के लिए आते हैं। जो मंडी में तुलाई में देरी और बाजार के अन्य कार्य से मुक्त होकर देर रात्रि तक वापस जाते हैं। किसान दिन की भीषण गर्मी के बजाय शाम को ट्रैक्टर लेकर मंडी के लिए निकलते हैं। ऐसी स्थिति में कोटा शहर में रायपुरा, अनंतपुरा, राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुंडों, बदमाशों द्वारा किसानों के ट्रैक्टर के आगे कोई न कोई साधन लगाकर दुर्घटना का बहाना बनाकर किसानों के साथ लूट, हाथापाई, छीना -झपट्टी, मारपीट करके भाग जाते हैं। लूटा-पीटा किसान अपने आप को व्यथित, पीड़ित और ठगा हुआ महसूस करके घरों को लौट जाते है। गत रात्रि को रायपुरा चौराहे पर भी इसी प्रकार की घटना करके गुलाबपुरा (बारां) के बुजुर्ग किसान रामप्रसाद के साथ आठ दस बदमाशों ने मिलकर लाठी, सरिया से मारपीट करके गंभीर घायल कर दिया। जिनके हाथों, पैरों, सिर में गंभीर चोटों के कारण घायल अवस्था में है। अतः भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में उक्त अपराधियों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होकर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। भारतीय किसान संघ ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों को पूर्ण सुरक्षा दी जाए। साथ ही, रात में गश्त बढ़ाई जाऐं।

महानगर मंत्री माणकचन्द यादव एवं महानगर प्रचार प्रमुख कमलेश जांगिड़ ने कहा कि जिला कलेक्टर ने शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन से तुरन्त बात करके अपराधियों को गिरफ्तार करने और किसानों की सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त पुलिस जवान लगाने के लिए कहा हैं।

# महाविद्यालय प्राचार्य के खिलाफ छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया



कोटा में कॉलेज छात्राओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया।

**कोटा,** (निसं)। छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा के नेतृत्व में विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ रामपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य पर लगे अश्लीलता के आरोपों को लेकर निष्पक्ष जांच, जांच तक प्राचार्य को बर्खास्त करने एवं राज्य के सभी कन्या महाविद्यालय में महिला प्राचार्य की नियुक्ति सुनिश्चित करने हेतु सहायक निदेशक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के कार्यालय में दिया धरना।

अंजलि मीणा ने बताया कि गुरु-शिष्य के रिश्तों को शर्मसार करने वाली बात संज्ञान में आई हैं जिससे काफी दुख महसूस हुआ। रामपुरा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राचार्य पर छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने, छात्राओं पर गंदे एवं भद्दे कमेंट करना, कुछ छात्राओं को पक्ष में लेकर उनके माध्यम से महाविद्यालय में अनैतिकता के कार्य करने, महाविद्यालय में पक्षपात करना एवं जो स्टॉफ उनकी बात नहीं माने उन्हें कार्यमुक्त करना उनकी जगह अपने चहेतो को कार्य पर रखने, महाविद्यालय का समय अपने अनुसार कभी 9 बजे कभी 10 बजे करना जबकि आयुक्तालय द्वारा महाविद्यालय खुलने बंद होने का समय निर्धारित है उसका भी उल्लंघन करना, बिना आयुक्तालय की अनुमति से महाविद्यालय की 150 से अधिक छात्राओं को ट्रिप पर ले जाने जिसमें अपने बेटे को छात्राओं की बस में बैठाना और स्वयं की कार में कुछ अपने फेवर की छात्राओं को बैठकर ले जाया गया एवं सभी छात्राओं से पैसे भी लिए गए है एवं सच सामने आने के बाद प्राचार्य द्वारा अपने पक्ष की छात्राओं को उकसाने एवं सुसाईड की धमकी देने ताकि उनकी गलतियों पर पर्दा डाल सकें जैसे कृत्य किए जा रहे है और छात्राओं द्वारा आरोप लगाए गए है जो काफी गंभीर और शर्मिंदा-जनक है। इससे अन्य महाविद्यालय की छात्राओं में भी रोष एवं भय है।

इसलिए आज छात्राओं की आवाज उठाने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया गया है। धरने के दौरान छात्राओं की उग्रता को देखते हुए सहायक निदेशक आयुक्तायल कॉलेज शिक्षा डॉ.विजय पंचोली द्वारा फोन पर छात्राओं की आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं ज्वाइंट डायरेक्टर एच.आर. डी, राजस्थान से बात करवाई। जिस पर आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त हुआ। धरना देने वालों में छात्र नेत्री कावेरी, चित्रांक्षा, एकता, पायल, समीक्षा, जेडीबी पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष महिमा पालीवाल तमन्ना आदि भारी संख्या में छात्र-छात्रा मौजूद रहे।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/1469 दिनांकः-9.4.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 818 डी केशवपुरा सेक्टर-7 आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 1715 दिनांक 20.12.2002 को श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री कपूर चंद जैन के नाम आवंटन किया गया था। श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री कपूर चंद जैन द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री प्रेम शंकर नागर पुत्र श्री हेमराज नागर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2009 को श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री हेमराज नागर को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री हेमराज नागर द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 818 डी केशवपुरा सेक्टर-7 आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री हेमराज नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-99 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 15.04.25

आवास संख्या 2-प-19 केशवपुरा, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री गोकुल प्रसाद शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री गोकुल प्रसाद शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा के नाम दिनांक 07.07.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री गोकुल प्रसाद शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 11.02.2024 को हो चुकी है। श्री गोकुल प्रसाद शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 23.03.2022 को अपने पौत्रों श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा एवं श्री अनिकेत शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा के पक्ष में संयुक्त रूप से आलेखित की गई। श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा एवं श्री अनिकेत शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा द्वारा आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन संयुक्त रूप से किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा एवं श्री अनिकेत शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा के नाम संयुक्त रूप से करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा एवं श्री अनिकेत शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा के नाम संयुक्त रूप से हस्तांतरण/प्रतिस्थापन किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नही है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा एवं श्री अनिकेत शर्मा पुत्र श्री सत्यनारयण शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**कार्यालय नगर पालिका कापरेन जिला बून्दी ( राज. )**

क्रमांकः-न.पा.का./2025/65 दिनांकः-15.04.25

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोवर्धन लाल गुप्ता पुत्र श्री बजरंगलाल जाति महाजन निवासी अडीला तह. के.पाटन जिला बून्दी (राज.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपनी दादीजी श्रीमती केसर बाई पत्नी श्री हीरालाल महाजन निवासी अडीला के नाम से स्टेट ग्रान्ट एक्ट का पट्टा क्रमांक 74 दिनांक 28.01.2002 का जारी हुआ है। श्रीमती केसर बाई द्वारा रजिस्ट्री वसीयत श्री गोवर्धनलाल गुप्ता के नाम वसीयत दिनांक 14.01.2002 से की गई है। श्रीमती केसर बाई की मृत्यु दिनांक 9.11.2006 एवं श्री हीरालाल महाजन की मृत्यु दिनांक 19.3.1963 को हो जाने के कारण वसीयत के आधार पर श्री गोवर्धनलाल गुप्ता का मकान स्वामित्व अधिकार है। उक्त वसीयत के आधार पर आवेदक उक्त मकान का स्वामित्व अधिकार पालिका रेकार्ड में नामान्तरण के अंतर्गत दर्ज करवाना चाहता है। जिनके संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस में कार्यालय नगरपालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कापरेन

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11/ विक्रय/2025/1455 दिनांकः-7.4.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना केशवपुरा-7 भूखंड संख्या 223 का नामहस्तांतरण क्रमांक 799-800 दिनांक 13.03.2013 को श्री मुकेश कुमार सोनी पुत्र श्री छीतरलाल सोनी के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री मुकेश कुमार सोनी की मृत्यु दिनांक 24.02.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री मुकेश कुमार सोनी पुत्र श्री छीतरलाल सोनी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्रों, विधिक वारिसान के शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती करुणा सोनी पत्नी स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी एवं नाबालिग प्रियांशी सोनी पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी जरियेवली संरक्षक माता श्रीमती करुणा सोनी पत्नी स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी द्वारा उक्त भूखंड संख्या 223 केशवपुरा-7 अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 223 योजना केशवपुरा-7 का नामहस्तान्तरण श्रीमती करुणा सोनी पत्नी स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी एवं नाबालिग प्रियांशी सोनी पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी जरियेवली संरक्षक माता श्रीमती करुणा सोनी पत्नी स्व. श्री मुकेश कुमार सोनी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा ( उत्तर )**

क्रमांकः-न.नि.को.( उ )/भ.नि./जोन-प्रथम/2025/559-60 दिनांकः 15.4.25

**भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप छाबडा एण्ड फैमिली निवासी-43-बी न्यू कालोनी गुमानपुरा कोटा ने अपने क्रय शुदा भूखंड प्लाट नं. 2 मोहन टाकिज रोड सुन्दर धर्मशाला के पास सब्जीमण्डी श्रीपुरा कोटा जिसका क्षेत्रफल 5241.65 वर्गफीट है जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्न है :- उत्तर:-रोड 100 फीट दक्षिण:- दुकान व राधिका होटल पूर्व:-दुकान व राधिका होटल पश्चिम:- स्वयं का भूखंड श्री प्रदीप छाबडा एण्ड फैमिली का एक भूखंड आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार भूखंड के आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन बाबत किसी व्यक्ति/संस्था आदि या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता हो को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के अधिकतम 07 दिवस की समयावधि में स्वयं की लिखित आपत्ति उपायुक्त जोन-प्रथम, नगर निगम कोटा-उत्तर कक्ष संख्या 433 राजीव गांधी भवन दशहरा मैदान कोटा के समक्ष प्रस्तुत करने का श्रम करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा-उत्तर